हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 जून 2024

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 बाजार को सुंदर बनाने की कवायद, व्यापार...

14 दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने खूब छुड़ाए पसीने...


## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### कार्ड बदल कर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखे से पैसे निकालने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जिला नूह के गांव मालाहका निवासी आबिद हुसैन के रूप में हुई है। गांव घोषगढ निवासी विनोद कुमार 19 अक्टूबर 2023 को कोसली कोर्ट मे तारीख पर गया था। कोसली के बैंक आफ बड़ौदा के पास बने एटीएम पर पैसे निकालने के लिए गया तो वहां मौजूद युवकों ने धोखे से एटीएम कार्ड बदल दिया और आरोपियों ने धोखाधड़ी करके उसके खाते से 30 हजार रुपये निकाल लिए। सीआईए ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अदालत में पेशकर दो दिन के रिमांड पर लिया है। अन्य आरोपी की भी तलाश की जा रही है।

### सर्व कर्मचारी संघ की बैठक आज

**रेवाड़ी।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य कमेटी के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ जिले की मीटिंग 27 जून को सुबह 10 बेज पटवार भवन में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में राज्य कमेटी के नेता सुरेश कुमार नोरा व नरेश कुमार शास्त्री जी कर्मचारियों को संबोधित करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान धनराज ने बताया कि बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों और मुद्दों पर गहनता से चर्चा की जाएगी और आगामी 27 जुलाई को कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रदर्शन करके जिला उपायुक्त महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा।

### युवक से मारपीट के आरोप में दो नामजद

**रेवाड़ी।** छुरियावास के पास एक युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अयान में कमालपुर निवासी अजीत ने बताया कि उसी के गांव के मोनू व अरुण ने फोन पर उसे जयभगवान की दुकान पर बुलाया था। उसने आरोप लगाया कि वहां जाने के बाद दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां आ गए। दोनों उसे धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## बच के चलना: ब्रास मार्केट की सड़क पर गड्ढों में जमा पानी



## आफत: बस स्टैंड परिसर में जमा बरसात का पानी



### प्री-मानसून की बरसात ने ही खोली प्रशासन की पोल

# शहर की जलभराव की समस्या का अब तक नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रशासन की ओर से भले ही सरकार के आदेश पर लघु सचिवालय में समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, लेकिन मानसून के सीजन में शहर में होने वाली जलभराव की समस्या का समाधान गत कई वर्षो से नहीं किया जा रहा है।

प्रशासन को प्रति वर्ष बरसात आने के पीक टाइम पर ही नालों की सफाई करने का ध्यान आता है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है और नालों की पूर्णतया सफाई न होने से पूरी व्यवस्था बिगड़ जाती है, जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ता है।

गत दिवस हुई प्री-मानसून बरसात ने शहर की सूरत बिगाड़ कर रख दी है। मानसून से पहले बरसाती नालों की सफाई नहीं होने से शहर की कई सड़कों पर दूसरे दिन भी जलभराव बना रहा। बरसाती मौसम में डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रशासन की ओर से मलेरिया रोधी माह मनाया जा रहा है, जिसमें लोगों को अपने घरों के आसपास पानी एकत्रित न होने की सलाह दी जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से स्वयं बरसाती पानी की निकासी के प्रबंध नहीं किए जा रहे है।


रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर बावल चौक के पास हुआ गड्ढा। फोटो : हरिभूमि

### ठहरे पानी से उठ रही बदबू

*शहर में बरसात के कारण लोगों को हर बार परेशानी के दौर से गुजरना पड़ता है। जगह-जगह सड़कों पर जमा पानी कीचड़ में तब्दील हो जाता रहा है। सड़कों के किनारे कच्ची जगह पर मिट्टी बरसात से कीचड़ में बदल गई है और फिसलन के कारण लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। एक बरसात में शहर के हालात बेहद खराब हो गए हैं, लेकिन इस ओर न तो जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और न ही इस समस्या का समाधान कराने की दिशा में प्रशासन कदम उठा रहा हैं। शहर में हर तरफ कीचड़ व गंदगी का आलम हो गया है। काफी जगह ठहरे पानी से बदबू उठ रही है, जिससे बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है।*


रेवाड़ी। नालों की सफाई न होने से सरकुलर रोड पर जमा पानी।

### सरकुलर रोड पर हुआ गड्ढा

*बरसात के कारण जहां पूरे शहर की हालत दयनीय हो गई है। जलभराव के कारण सरकुलर रोड पर बावल चौक के पास सड़क धंसने से भारी-भरकम गड्ढा हो गया। बरसात से सबसे दयनीय ब्रास मार्केट की हो गई। जहां पहले से बने हुए गड्ढों में पानी भर जाने से दोपहियां वाहन सवारों को काफी दिक्कत उठानी पड़ी। प्रशासन की ओर से न तो शहर की सड़कों के गड्ढें भरे जा रहे है और न सड़कों पर जमा होने वाले पानी की निकासी के प्रबंध किए गए है।*


रेवाड़ी। नाईवाली सब्जीमंडी में हुई कीचड़। फोटो : हरिभूमि

### सफाई न होने से सड़क पर पड़ा कचरा कीचड़ में तब्दील

*ऐसे में जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने वाला है। प्रशासन की ओर से न तो बरसाती नालों की सफाई की जा रही है और न ही सड़कों पर जमा पानी निकासी के प्रबंध किए गए। टूटी सड़कों के गड्ढों में बरसात का पानी जमा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बरसात के कारण शहर की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई। सफाई न होने से सड़क पर पड़ा कचरा कीचड़ में तब्दील हो गया है। नालों की सफाई नहीं होने से पानी के साथ कचरा निकलकर सड़कों पर आ गया है, जिससे काफी गंदगी फैल गई है।*

### जलभराव से बढ़ी लोगों की परेशानी

*बरसात से शहर की सभी सड़कों पर जलभराव हो गया है। मंगलवार को बरसाती पानी पूरे दिन सड़कों पर खड़ा रहा, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन के पानी निकासी व सफाई व्यवस्था के दावे एक बार फिर से फेल नजर आए। सड़कों पर जलभराव होने से ब्रास मार्केट, नई अनाजमंडी, बावल रोड, मॉडल टाउन, सेक्टर-1, बस स्टैंड व सरकुलर रोड सहित मोहल्लों के निचले इलाकों में भी पानी जमा हो गया। बरसात के कारण शहर के मोती चौक बाजार, गुड़ बाजार, पुरानी सब्जीमंडी, नाईवाली सब्जीमंडी, कटला बाजार, बारा हजारी, गोकल बाजार, रेलवे रोड व पंजाबी बाजार में कीचड़ की स्थिति बनी रहने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।*

## कार्ड बदल उड़ाए तीन लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

एटीएम बूथ पर एक कंपनी कर्मचारी का एटीएम कार्ड बदलकर चोरों ने खाते से लगभग 3 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। कंपनी कर्मचारी बिहार के राजपुर कलां निवासी मोहन गुप्ता ने बताया कि वह मालपुरा में किराए के मकान में रहता है। उसका मालपुरा के केनरा बैंक में खाता है।

23 जून को वह हीरो चौक पर एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ पर पैसे निकालने के लिए गया था। इसी दौरान दो युवक उसके पीछे आकर खड़े हो गए। उन्होंने एटीएम का पिन नंबर देख लिया। एक लड़के ने उससे कहा कि उसके कार्ड से पैसे नहीं निकल रहे हैं। इसी दौरान बातों में उलझाकर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। वह अगले दिन फिर से एटीएम बूथ पर पैसे निकालने के लिए गया तो मशीन ने उसका पिन नंबर गलत बताया। वह पूछताछ करने के लिए बैंक में गया तो उसे बताया गया कि उसका कार्ड बदला हुआ है।

खाता चेक करने पर 2.99 रुपये उसके खाते से निकाले हुए मिले। उसने अपना कार्ड ब्लॉक कराते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद एटीएम बूथ के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपयों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



### पुलिस व संस्था के कलाकारों ने आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बताए

**धारूहेड़ा।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन व डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी के नेतृत्व में जिला पुलिस व रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था की ओर से धारूहेड़ा बस स्टैंड के पास नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। कलाकारों ने नशा मुक्त भारत थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक से बताया कि नशा युवाओं को बर्बाद कर रहा है और समाज के लिए घातक होता जा रहा है। नशे में युवक अपने भविष्य के साथ-साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर रहे है। नगर पालिका धारूहेड़ा के चेयरमैन कंवर सिंह व वेद प्रकाश ने शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था के कलाकार राधिका, प्रिया, विधि, उत्कर्ष, पार्थ, बिर्जेश व संजय मनचंदा सहित अन्य कलाकारों के नुक्कड़ नाटक की सराहना की। इस अवसर पर डीएसपी चौधरी ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। इसलिए अपने आसपास कोई नशा बिकता है तो इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर पुलिस विभाग को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस अवसर पर थाना धारूहेड़ा से एसआई शोभा रानी सहित जिला पुलिस के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### टिकट को लेकर पूरी तरह आश्वस्त लालू यादव के दामाद

# पार्टी से पलायन का नहीं इरादा, डटे रहेंगे 'युवराज'

- हुड्डा का खुलकर विरोध करने की नहीं जुटा रहे हिम्मत

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

लोकसभा चुनावों में गुरूग्राम सीट पर टिकट कटने की पीड़ा के बाद भले ही पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को बेटे की टिकट को लेकर संशय हो, परंतु लालू यादव के दामाद सीटिंग एमएलए चिरंजीव राव को इस पर जरा भी संदेह नहीं है। उनका कहना है कि वह किसी और की टिकट कटवा सकते हैं।

उनकी टिकट काटने वाला कोई नहीं है। उन्होंने यह भी संकेत दे दिए हैं कि वह किरण चौधरी की तरह कांग्रेस का मैदान छोड़ने की बजाय मजबूती के साथ पार्टी के लिए कार्य करते रहेंगे। उनके पिता के भाजपा में जाने की अटकलों को भी चिरंजीव ने सिरे से खारिज कर दिया है।कैप्टन की टिकट कटने के बाद इस बात के कयास लगाए जाने शुरू हो गए थे कि जिस तरह पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कैप्टन अजय सिंह यादव का लोकसभा चुनाव लड़ने का रास्ता रोक दिया, इसी तरह विधानसभा चुनावों में वह रेवाड़ी हलके में चिरंजीव राव का विकल्प खड़ा कर सकते हैं। खुद कैप्टन बेटे की टिकट को लेकर संशय की स्थिति में नजर आ चुके हैं। मंगलवार का पत्रकारों से बातचीत करते हुए चिरंजीव भले ही पूर्व सीएम के खिलाफ कोई सीधी टिप्पणी करने से बचते रहे, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया कि वह किसी भी टिकट कटवा सकते हैं। उनकी टिकट कोई नहीं काट सकता। किरण चौधरी की तरह कैप्टन अजय सिंह यादव के भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के कयासों पर विराम लगाते हुए चिरंजीव ने स्पष्ट किया वह और उनके पिता कांग्रेसी है और कांग्रेस उनकी है। पार्टी नेताओं के बीच आपसी मतभेद दूर किए जा सकते हैं, लेकिन पार्टी छोड़ने का कोई सवाल ही नहीं उठता। चुनाव करीब आते ही 'युवराज' न सिर्फ भाजपा, बल्कि इनेलो के खिलाफ भी तीखे तेवरों का इस्तेमाल करने लगे हैं।


भूपेन्द्र हुड्डा।


कैप्टन अजय यादव।


चिरंजीव राव।

### अहीरवाल में हुड्डा का मजबूत नेटवर्क तैयार

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने समूचे अहीरवाल क्षेत्र में अपना मजबूत नेटवर्क तैयार किया हुआ है। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनावों तक कैप्टन अजय सिंह यादव की अगुवाई में काम कर चुके राव दान सिंह, अनीता यादव व राव नरेंद्र सिंह जैसे नेताओं को हुड्डा ने पहले ही कैप्टन से दूर कर दिया था। कैप्टन की राजनीति को रेवाड़ी हलके तक सीमित रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। अब इस हलके में भी हुड्डा ने कई चेहरों को महत्व दिया हुआ है, जिनकी सक्रियता पिता-पुत्र के लिए बड़ी चिंता से कम नहीं है।

### मजबूत किले को बचाने की बड़ी चुनौती

रेवाड़ी हलके में अस्सी के दशक से लेकर वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों तक कैप्टन अजय सिंह यादव का एकछत्र राज रह चुका है। भाजपा ने पहली बार वर्ष 2014 में उनके विजय रथ को रोका था। गत विधानसभा चुनावों में कैप्टन ने अपने बेटे चिरंजीव राव को चुनाव लड़वाया था। भाजपा की आपसी फूट और गुटबाजी चिरंजीव की जीत में सबसे बड़ी सहायक साबित हुई थी, परंतु विधायक बनने के बाद चिरंजीव ने इस सीट पर कब्जा बरकरार रखने के लिए जमकर पसीना बहाया है।

### पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट का केस

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने ठोठवाल में महिला व उसके परिजनों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस बयान में पूजा ने बताया कि वह फिलहाल परिवार के साथ नारायणपुर में रह रही है। उसने आरोप लगाया कि उसका पति रूपेश और उसके परिवार के सदस्य उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। उसे और उसके बच्चों को खाने-पीने का सामान तक नहीं देते। 20 जून को उसके पति, जेठानी व सास ने उसके साथ जमकर मारपीट की। उसने अपनी मां और भाई को सूचना देकर बुला लिया। पूजा ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसके, उसकी मां और उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए घर से निकालने की धमकी दी। बाद में उसे उसकी मां ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया। रामपुरा थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**रेवाड़ी।** सुभाष बस्ती में चोर एक बंद मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये कैश व जेवरात चोरी कर ले गए। रामपुरा पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में सूरजभान ने बताया कि वह अपने सरवाइकल का ऑपरेशन कराने के लिए करीब डेढ़ माह पहले बेटे के पास चंडीगढ़ चला गया था। 24 जून को उसके पड़ोसी ने फोन पर बताया कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद वह सोमवार की रात को ही चंडीगढ़ से अपने घर आ गया। घर आने पर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। उसकी सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उसने बताया कि चोर मकान से 35 हजार रुपये, चोर सोने की अंगूठी, दो चेन, टॉप्स व पायजेब सहित कई जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।



# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

## लाइफ Style



# जाह्नवी बुरी तरह हुई ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाहनवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाहनवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।


इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'

## हॉलीवुड मसाला



# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।



# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑसट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

## करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।



# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।

**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।



## खबर संक्षेप

### उपभोक्ताओं से वसूली राशि की जांच की मांग

**रेवाड़ी।** आम आदमी पार्टी के नेता संजय शर्मा ने पिछले कई सालों से धारूहेड़ा के आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं से दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से म्युनिसिपल टैक्स के रूप में 2 प्रतिशत वसूली गई राशि की तुरंत जांच करके वापस पंचायत विभाग में ब्याज सहित स्थानांतरित कराने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इतना भी नहीं मालूम कि यह राशि म्युनिसिपल विभाग में जमा की गई हैं या पंचायत विभाग में जमा की गई हैं। उन्होंने इस मामले की तुरंत राज्य स्तरीय जांच करके दोषी अधिकारियों पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की है।

### चालक डकार गया लाखों रुपये का माल

**रेवाड़ी।** कंपनी से माल ले जाने के लिए लगाई हुई एक गाड़ी का चालक महंगे सामान के 85 बॉक्स लेकर फरार हो गया। वह गाड़ी को लावारिस हालत में छोड़ गया। पुलिस ने अमानत में खयानत का केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में जांटी निवासी कालूराम ने बताया कि उसने कंपनी का माल दूसरी जगह भेजने के लिए कंपनी में गाड़ी लगाई हुई है। गाड़ी पर गत वर्ष दिसंबर माह में यूपी के नंगला भूपाल निवासी ध्रुव को चालक रखा था। वह 22 जून को कंपनी से 120 बॉक्स भरकर निगानियावा वेयरहाउस के लिए गया था। वेयरहाउस पर 31 बाक्स उतारने के बाद ध्रुरव गाड़ी सहित लापता हो गया। बॉक्स में कंपनी का लाखों रुपये का सामान था।

### नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार व सतेन्द्र कुमार डीएसपी के नेतृत्व में हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एचएसएनसीबी जिला युनिट की ओर से धारूहेड़ा के भगत सिंह चौक सहित कई स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। सहायक उप निरीक्षक रोहतास कुमार, सउनि सुनील, प्रमुख सिपाही अनिल, सिपाही मनदीप व सिपाही दीपक ने आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया व नशा न करने की शपथ भी दिलाई।

## जर्जर सड़क, अतिक्रमण व आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने सहित कई मांगें रखी

# बाजार को सुंदर बनाने की कवायद व्यापार संगठन ने सौंपा ज्ञापन

- रेहड़ी-पटरी वालों के लिए अलग से वेंडिंग जोन की व्यवस्था की जाए
- सभी बाजारों में पीने के पानी की व्यवस्था के साथ वाशरूम का निर्माण किया जाए
- सड़कों के बीचों-बीच एक फीट का डिवाइडर बने
- बाजारों में पुलिस राइडर की स्थाई व्यवस्था की जाए


रेवाड़ी। डीसी राहुल हुड्डा को ज्ञापन सौंपते बाजार के प्रधान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

संयुक्त व्यापार संगठन के प्रतिनिधियों की ओर से मंगलवार को बाजार की समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त राहुल हुड्डा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में सभी बाजार की एसोसिएशन के प्रधान मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बाजार की सड़कों की हालत खस्ता हो चुकी है। बाजार में भारी वाहन तथा चौपहिया वाहन भारी मात्रा में आते है, जल्द सीसी रोड बनाया जाए।

नगर परिषद की ओर से शहर की दुकानों पर हजारों-लाखों रुपये का डवलपमेंट चार्ज बेवजह लगाया हुआ है, उसे हटाया जाए। सड़कों के बीचों-बीच एक फीट का डिवाइडर बने तथा उस पर लाइटें तथा पौधे लगाए जाए। सड़क बनाने से सीवर लाइनों में बड़े पाइप डाले जाए, ताकि बाजार में जलभराव की समस्या न हो। सभी बाजारों में पीने के पानी की व्यवस्था के साथ वाशरूम का निर्माण किया जाए। बाजारों में बेसहारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जोकि गंदगी फैलाने के साथ कई बार लोगों को घायल कर देते है। इस समस्या का समाधान किया जाए। बाजारों में अतिक्रमण की बहुत बड़ी समस्या है। रेहड़ी-पटरी वालों के लिए अलग से वेंडिंग जोन की व्यवस्था की जाए। बाजार में बड़े वाहनों पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक प्रतिबंध लगाया जाए। बाजारों में पुलिस राइडर की स्थाई व्यवस्था की जाए, ताकि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लग सकें। ब्रास मार्केट में थोड़ी सी बरसात होने पर जलभराव हो जाता है। मार्केट में पानी निकासी की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि नया बाजार में लोगों ने खाली प्लाट को डंपिंग यार्ड बना दिया है, जिसको खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि मेन बाजार में रविवार को अवैध संडे बाजार लगता है। प्रशासन ने कुछ समय के लिए यह बंद भी कराया था। इस बाजार में आपराधिक प्रवृत्ति के लोग लिप्त है, इसे बंद कराया जाए। प्रधानों ने कहा कि प्रशासन एक कमेटी का गठन करें, जिसमें सरकारी अधिकारियों के अलावा बाजार के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए तथा समय-समय पर बाजार की स्थिति के बारे में बैठक आयोजित की जाए।

### ज्ञापन देने में यह रहे मौजूद

संयुक्त व्यापार संगठन के वरिष्ठ सदस्य अनिल अरनेजा, गोकल बाजार से विपिन अग्रवाल, मोती चौक प्रधान पुरुषोत्तम दास, रेलवे रोड प्रधान मनीष चराया, काठमंडी से विकास गुप्ता, नया बाजार से राकेश भटोटिया, ब्रास मार्केट से नीरज गुप्ता, पंजाबी मार्केट से संदीप कालरा, नई सब्जीमंडी से हंसराज पोसवाल, गल्ला व्यापार संघ गंज बाजार से हेमंत अग्रवाल, कानोड गेट से निरंजन लाल, आर्य समाज रोड से जितेन्द्र अग्रवाल, सर्राफा बाजार से प्रदीप जैन, ज्वैलर्स एसोसिएशन से कमल बतरा, केवल बाजार से प्रधान पंकज कुमार, पंजाबी मार्केट से विनोद अरोड़ा व सुरेंद्र वशिष्ठ, स्वर्णकार से नीरज सोनी व कटला बाजार से रामचन्द्र अघ्घी उपस्थित थे।

# आईजीयू ने यूजी कोर्स के घोषित किए परिणाम

## शेष परिणाम जल्द होंगे जारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


डा. विपुल यादव।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से विभिन्न यूजी कोर्सों के अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए है। हाल ही में संपन्न हुई परीक्षाओं के छठे सेमेस्टर का अधिकांश कोर्सों का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। केवल एक-दो कोर्स का परिणाम आना बाकी है, जिसे इस सप्ताह के अंत तक घोषित कर दिया जाएगा। आईजीयू में नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को आगे पीजी कोर्स में दाखिला लेने में परीक्षा परिणाम में देरी के कारण किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कुलपति प्रोफेसर जयप्रकाश यादव ने परीक्षा शाखा को निर्देश दिए हैं।अभी बीटेक, बी फामेर्सी, बीए, बीएससी मेडिकल एवं नॉन मेडिकल, बीए ऑनर्स इंग्लिश, बीसीए, बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट, बैचलरऑफ लॉ, बैचलर ऑफ आर्ट्स मास कम्युनिकेशन के परिणाम घोषित किया जा चुके हैं और शेष बचे परिणाम भी जल्द ही घोषित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त कुछ पीजी कोर्स जैसे एमएससी साइकोलॉजी, जूलॉजी, एनवायरनमेंट साइंस व योग के भी परिणाम घोषित किए जा चुके है। जुलाई के प्रथम सप्ताह तक सभी परीक्षा परिणाम घोषित हो जाने की संभावना है।

परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव 26 वर्ष का एकेडमिक एवं प्रशासनिक अनुभव रखते हैं। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद उन्होंने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक का पदभार संभाला है। इससे पूर्व वह केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा के भी परीक्षा नियंत्रक रह चुके हैं जहां उन्हें सबसे युवा परीक्षा नियंत्रक होने का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है। विवि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने जा रहा है, जिसके कारण परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों को और भी मन लगाकर निरंतर कार्य करने की आवश्यकता पड़ेगी। कुलपति प्रोफेसर यादव एवं कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार के मार्गदर्शन एवं सभी स्टाफ सदस्यों के इस चुनौती को पूरा किया जाएगा।

# दुकान में भाइयों पर हमले के विरोध में बाजार बंद, एसपी से मिले व्यापारी



रेवाड़ी। मंगलवार को बंद पड़ा बजाजा बाजार तथा एसपी से मिलने सचिवालय पहुंचे व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

- आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के बजाजा बाजार में दुकान में घुसकर दो भाइयों पर हुए हमले के विरोध में मंगलवार व्यापारियों ने एक घंटे सभी दुकानें बंद करके रोष जताया। व्यापारी पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसपी शशांक कुमार सावन से मिलने लघु सचिवालय भी पहुंचे। उन्होंने एसपी से मिलकर हमला करने वाले आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी करने की मांग की। एसपी ने सिटी एसएचओ को कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

सोमवार को शहर के बजाजा बाजार में कपड़े के व्यापारी मोहनदास की मार्केट में पीने के पानी के कैंपर की सप्लाई देने आए युवकों से कहासुनी हो गई थी, जिस पर युवकों ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। मॉर्केट में 8 से 10 बदमाशों ने पहुंचकर मोहनदास के बेटे यशपाल और दूसरे बेटे को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया था तथा दुकान के भीतर भी घुस गए और जमकर तोड़फोड़ करते हुए दोनों भाइयों को घायल कर दिया। घटना का सीसीटीवी कैमरे भी कैद हो गई थी। सूचना के बाद सिटी पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके रोष स्वरुप व्यापारियों ने मंगलवार को बाजार बंद करके एसपी से मुलाकात की। व्यापारी ने गल्ले से पैसे छीनने का भी आरोप लगाया था। एसएचओ ने एसपी को बताया कि इस केस में पांच आरोपियों की पहचान की जा चुकी है। अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एससी-ओबीसी को शिक्षा, नौकरी व आरक्षण से वंचित करना चाहती बीजेपी: चिरंजीव राव

- प्रदेश की नौकरियों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। प्रेसवार्ता करते विधायक चिरंजीव राव। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि बीजेपी पूरी तरह एससी और ओबीसी विरोधी मानसिकता से पीड़ित है। भाजपा जब से प्रदेश की सत्ता में आई है, वह लगातार दलित और पिछड़ों के आरक्षण व अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। बीजेपी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की क्रिमी लेयर को 8 लाख से घटकर 6 लाख किया था। साथ ही इसमें बीजेपी ने कृषि और वेतन की आय को भी जोड़ दिया, जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान 27 मई 2013 को क्रीमीलेयर की आय सीमा को निर्धारित करते हुए इससे कृषि और वेतन की आय को अलग कर दिया गया था।

उन्होंने कहा कि आज केंद्र की क्रीमी लेयर लिमिट भी 8 लाख रुपये है, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने इसे घटाकर 6 लाख कर दिया और इसमें कृषि व वेतन की आय भी जोड़ दी है, जिससे पिछड़ा वर्ग के लाखों लोग आरक्षण के अधिकार से वंचित हो गए है। अब पिछड़ा वर्ग के सामने बीजेपी की सच्चाई उजागर हो गई तो बीजेपी की तरफ से इस लिमिट को बढ़ाकर वापस 8 लाख करने की बात कह रही है, जबकि इसको लेकर अभी तक कोई सरकारी दस्तावेज सामने नहीं आया है। चिरंजीव राव ने कहा कि प्रदेश की नौकरियों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं, लेकिन बीजेपी जानबूझकर इन पदों को नहीं भर रही है, क्योंकि पक्की भर्तियां होंगी तो एससी और ओबीसी को आरक्षण देना पड़ेगा। इसलिए पिछड़ा वर्ग के हजारों पद खाली पड़े हुए हैं और एक बड़ा बैकलॉग प्रदेश की नौकरियों में एकत्रित हो गया है। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान पिछड़ा वर्ग की सभी जातियों को आरक्षण का उचित लाभ देने के लिए कई कदम उठाए गए थे। ग्रुप-ए और ग्रुप-बी की अलग-अलग कैटेगरी बनाकर उनको आरक्षण को 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया गया था। ग्रुप-ए को 10 प्रतिशत और ग्रुप-बी को 5 प्रतिशत आरक्षण दिया था, जबकि उससे पहले कुल मिलाकर ओबीसी आरक्षण सिर्फ 10 प्रतिशत था। विधायक ने कहा कि बीजेपी कभी भी दलित और पिछड़ा समाज की भलाई के बारे में नहीं सोच सकती है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पार्षद सुमित्रा चांदना, पार्षद रंजना भारद्वाज, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद सरिता सैनी, पार्षद नरेश हजारीवास, पार्षद चंदन यादव, पार्षद गिरीश भारद्वाज, पार्षद सुरेश शर्मा, अशोक यादव प्रधान अनाज मंडी, पूर्व अध्यक्ष शकुंतला भाडोरिया, डा. रामफल, प्रशांत भारद्वाज, नरेश शर्मा, राज कपूर छावड़ी, पवन पहलवान, प्रधान बीर सिंह प्रजापत व संजय प्रधान मौजूद थे।

# आपातकाल एक कलंक था, जब देश को जेल में बदल दिया गया: ग्रोवर

## आपातकाल के 50वें वर्ष पर बीजेपी ने मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मनीष ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

भाजपा की ओर से मंगलवार को बाल भवन में जिलाध्यक्ष प्रीतम चौहान की अध्यक्षता में आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया गया। पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा व मनीष ग्रोवर ने शिरकत की। इस मौके पर रामबिलास शर्मा ने कहा कि 25 जून 1975 लोकतंत्र का काला दिवस है, जिसे कभी भूलाया नहीं जा सकता है, क्योंकि इसमें आम आदमी की आवाज को दबा दिया गया था। उन्होंने कहा कि अहंकार में डूबी निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक ही परिवार को सत्ता सुख देने के लिए 21 महीनों तक देश में नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव कर न्यायालय तक के हाथ बांध दिए थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को आज नमन करने का दिन है। इस दौरान लोकतंत्र सेनानी ओमप्रकाश, राजपाल, सुनील ग्रोवर, बुद्धदेव यादव एडवोकेट, लक्ष्मी नारायण, रमेश चुग आदि मौजूद थे।

# कर्मचारी विरोधी फरमानों के खिलाफ रोडवेज कर्मचारियों की भूख हड़ताल आज

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

- हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा की मीटिंग डिपो चेयरमैन निरंजन की अध्यक्षता में बैठक

मंगलवार को हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा की मीटिंग डिपो चेयरमैन निरंजन मोहदीपुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमे हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के राज्य सचिव यशपाल यादव, इंटक के राज्य सचिव नरेश मांदी, मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के राज्य सचिव चिराग यादव, हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के डिपो प्रधान प्रवीण बालधन, ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के डिपो प्रधान दिनेश कुमार, हरियाणा रोडवेज परिचालक संघ के डिपो प्रधान जितेंद्र पावटी, जागृति मंच के डिपो प्रधान पवन यादव, साझा मोर्चा डिपो के वरिष्ठ सदस्य कुलदीप खड़गवास व राकेश पुंसिका सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर साझा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से 23 जून 2023 को रोड़वेज कर्मचारियों की कई मांगो पर सहमति जताई गई थी, जिसका परिपत्र भी जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन मानी गई को लागू नहीं किया जा रहा हैं। दूसरी ओर आए दिन कर्मचारी व विभाग विरोधी फरमान जारी किए जा रहे हैं। चालक-परिचालक व लिपिक से अनेक तरह के कार्य कराए जा रहे हैं, परंतु कार्यो के अनुसार पे-ग्रेड न देकर आर्थिक नुकसान किया जा रहा हैं।

चालक, परिचालक, उपनिरीक्षक, निरीक्षक व कर्मशाला के कर्मचारियों की देय अर्जित अवकाशों को भी कम किया जा रहा हैं। चालक व परिचालकों के रात्रि ठहराव भत्ते को 30 से 10 दिन सीमित करने का फरमान जारी कर दिया गया हैं। ओवर टाइम पॉलिसी को ताक पर रखकर चालक परिचालकों से 14 से 15 घंटे कार्य लिया जा रहा हैं। ग्रुप डी के कर्मचारियों से तकनीकी पद का कार्य लिया जा रहा हैं, जबकि प्रमोशन नहीं दी जा रही हैं।

## न्यूज डायरी

### ध्यान से मिटता तनाव और अवसाद: भारद्वाज



**रेवाड़ी।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से मंगलवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित सोसायटी में हैप्पीनैश कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में 25 प्रशिक्षु भाग ले रहे है तथा यह प्रोग्राम 30 जून तक चलेगा। प्रशिक्षक प्रवीण कुमार ने प्रशिक्षुओं को योग आसन, सूर्य नमस्कार, ध्यान व प्राणायाम का अभ्यास कराया। विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया का अभ्यास बुधवार के सत्र में कराया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी व प्रतियोगिता पूर्ण जीवन में सभी को बहुत काम करना पडता है और सही उन्होंने सभी को समाजसेवा में अग्रणी रहने के लिए प्रेरित किया। प्रोग्राम में लाल किशन, सुधीर व संदीप यादव सहित अन्य स्वयंसेवक सहयोग कर रहे है। भारद्वाज ने सोसायटी के निदेशक त्रिलोक चन्द शर्मा का आभार जताया है।

### एनएचएम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**रेवाड़ी।** जिले के एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नागरिक अस्पताल में मंगलवार सुबह एक घंटे के लिए प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों की ओर से कार्य नहीं करने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के जिले के सभी एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के लिए आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी कार्य रोक दिए। जिलेभर से करीब 500 एनएचएम कर्मचारियों ने प्रदर्शन में भाग लिया। इस मौके पर जिला सचिव श्याम शर्मा ने बताया कि 21 जून को हुई वार्ता में बनी सहमति उपरांत 7वें वेतन आयोग की फाइल गत सोमवार को फिर से अनुमोदना के लिए वित विभाग में भेजी गई थी, परन्तु वित विभाग ने अपना अड़ियल रुख जारी रखते हुए व मुख्यमंत्री की अनुमोदना को दरकिनार करते हुए फाइल को रिजेक्ट कर दिया, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री महोदय से अनुरोध करते हुए कहा कि जनहित व कर्मचारी हित में वह मामले में हस्तक्षेप करके वित विभाग से 7वें वेतन आयोग की फाइल को क्लीयर करके लागू कराएं ताकि बाकी मुद्दों के लिए बातचीत का माहौल बन सकें।

### मुम्बई सेंट्रल-अमृतसर ट्रेनों का संचालन

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए मुम्बई सेंट्रल-अमृतसर-मुम्बई सेंट्रल स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09009 मुम्बई सेंट्रल-अमृतसर स्पेशल रेलसेवा 27 जून को मुम्बई सेंट्रल से रात 11:30 बजे रवाना होकर 29 जून को सुबह 10:30 बजे अमृतसर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09010 अमृतसर-मुम्बई सेंट्रल स्पेशल रेलसेवा 29 जून को अमृतसर से दोपहर 3 बजे रवाना होकर 30 जून को रात 11:55 बजे मुम्बई सेंट्रल पहुंचेगी। इस रेलसेवा में 1 थर्ड एसी, 18 द्वितीय शयनयान श्रेणी व 2 गार्ड श्रेणी सहित कुल 21 डिब्बे होंगे। रेवाड़ी में गाड़ी संख्या 09009 मुम्बई सेंट्रल-अमृतसर ट्रेन का 27 जून को आगमन रात 11 बजे तथा प्रस्थान 11:05 बजे होगा तथा गाड़ी संख्या 09010 अमृतसर-मुम्बई सेंट्रल ट्रेन का 29 जून को आगमन दोपहर 2:20 बजे व प्रस्थान 2:25 बजे होगा।

**कार्रवाई** | लोगों से नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदने की अपील

# बावल क्षेत्र में तीन एकड़ में अवैध कॉलोनी ध्वस्त, प्रोपर्टी डीलरों पर कसा शिकंजा

- कॉलोनाइजर और डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं
- अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल




रेवाड़ी। बावल क्षेत्र में अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी तथा कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस बल। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को डीटीपी विभाग की टीम ने बावल क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण पर कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई।

पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी मंदीप सिहाग के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम बावल क्षेत्र के गांव जलालपुर पुहंची। जहां डीटीपी की टीम ने 3 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज किया। टीम ने 24 डीपीसी, 5 चारदीवारी, एक टीनशेड व कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इसके अलावा टीम ने गांव सुठानी, नैचाना, चिराहड़ा, साबन, खेड़ी डूलसिंह व बावल में भी कार्रवाई की। यहां पर टीम ने 8 डीपीसी, 2 चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को ध्वस्त किया। पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका।

### प्राप्टी डीलरों के चंगुल में न फंसे लोग



डीटीपी मंदीप सिहाग ने बताया कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

# दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने खूब छुड़ाए पसीने, शाम को आसमान में बादलों से कूल हुआ मौसम


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- आज से एक सप्ताह तक झमाझम बरसात होने की संभावना, तापमान में गिरावट के साथ मिलेगी गर्मी से राहत

गत सोमवार को हुई कई इलाकों में हल्की व तेज बरसात के बाद मंगलवार को दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने लोगों के जमकर पसीने छुड़ाए। शाम के समय आसमान में घने बादलों से बरसात जैसा मौसम बनने के बाद मौसम कूल हो गया। मौसम विभाग के अनुसार 26 जून से आसमान में घने बादलों के बीच कहीं तेज व कहीं हल्की बरसात होने की संभावना है। इस दौरान तापमान में कमी आने से भारी गर्मी से राहत मिल सकेगी। मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप और हवा में नमी बढ़ने से उमस ने लोगों को पसीने में तर-बतर करने का काम किया। हवा में नमी का स्तर 55 फीसदी तक पहुंच जाने के कारण चिपचिपी गर्मी लोगों को खूब परेशान करती रही। दोपहर बाद आसमान में गहरे बादल छा गए। कुछ इलाकों में बौछारें भी गिरीं। अधिकतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 37 डिग्री पर आ गया।

न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 24 डिग्री दर्ज किया गया। शाम के समय मौसम का मिजाज ठंडा पड़ने से गर्मी से काफी हद तक राहत मिल गई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से लगभग एक सप्ताह तक असमान में बार-बार बादल छाने के साथ कहीं बौछारें गिरेंगे, तो कहीं तेज बरसात भी हो सकती है।

इस दौरान तापमान में और कमी आएगी, जो भारी गर्मी के प्रकोप से निजात दिलाने का का करेगी। मौसम में बरसात के साथ ही मानसून के आगाज की संभावना बन रही हैं, जिससे झमाझम बरसात का सिलसिला जल्द शुरू हो सकता है।


रेवाड़ी। मंगलवार सुबह आसमान में छाएं बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### किसानों के लिए बढ़ रहा इंतजार

शहरी क्षेत्र में सोमवार को 38 एमएम तक बरसात हो गई, परंतु ग्रामीण क्षेत्रों पर इंद्रदेवता मेहरबान नहीं हुए। इस समय किसानों को बरसात का बेसब्री से इंतजार है। बीते साल किसानों ने मई के अंत में अच्छी बरसात के बाजरे की बिजाई कर दी थी। इस बार जून माह बीतने के बावजूद अच्छी बरसात नहीं हुई है। इससे बाजरा उत्पादक उत्पादक किसान बिजाई शुरू नहीं कर पाए हैं। इस समय अच्छी बरसात होती है, तो किसान तुरंत बाजरे की बिजाई शुरू कर देंगे। फिलहाल मौसम के इस बदलाव से कपास की फसल को काफी फायदा हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### नौकरी के नाम पर युवती से हुई साइबर ठगी

रेवाड़ी। साइबर ठगी की वारदातों में कमी आने का नाम नहीं ले रही। इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखकर कंपनी में नौकरी पाने के चक्कर में एक युवती हजारों रुपये की साइबर ठगी का शिकार हो गई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

आकेड़ा निवासी श्रुति कुमारी ने धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसने कंपनी में जॉब करने के लिए एक ऐड में दिए गए नंबरों पर कॉल की थी। कॉल रिसीव करने वाली महिला ने अपना नाम अनुष्का सिंघानियां बताते हुए कहा कि अगर वह उसके बताए गए नंबर पर कुछ पैसा ट्रांसफर करेगी, तो उसे कंपनी में जॉब मिल जाएगी। महिला ने उसे विश्वास में लेते हुए वीडियो कॉल से कंपनी के अंदर का दृश्य दिखाया। शुरू में उसने 99 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसे बताया गया यह राशि होल्ड हो गई है। उसे 1916 रुपये डालने को कहा गया। उसने यह राशि भी ट्रांसफर कर दी। इसके बाद उसे 4876 रुपये डालने को कहा। उसने यह राशि भी जमा करा दी। बार-बार करके उससे कुल 21265 रुपये डलवा लिए गए। इसके बाद महिला ने फोन पर बात करना बंद कर दिया।

### मोहित बने सोशल मीडिया प्रमुख

रेवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने मोहित शर्मा को सोशल



मीडिया प्रमुख का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। मोहित शर्मा पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नगर मंत्री व नगर सहमंत्री सहित अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान और युवा मोर्चा जिला प्रभारी इंद्रजीत यादव ने विचार विमर्श के मोहित को नियुक्ति दी है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निखिल मांढैया ने मोहित शर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी। मोहित ने सभी भाजपा पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

### हर रोज चोरी की पांच एफआईआर दर्ज हो रहीं

# नाकाम पुलिस के सामने लाचार पब्लिक, बेखौफ हुआ चोर गिरोह

- बड़े गिरोह का खुलासा नहीं कर पा रही पुलिस, एक रात में 18 किसानों की बिजली केबल चोरी
- घरों से लेकर ट्यूबवेल तक चोरों का भारी आतंक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

चोरों के सामने जिला पुलिस लगातार बेबस साबित हो रही है। चोरी की एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस निश्चिंत होकर बैठ रही है। चोर लगातार घरों से लेकर दुकानों और किसानों के ट्यूबवेल तक को निशाना बना रहे हैं। हर दिन चोरी की औसत पांच एफआईआर दर्ज हो रही हैं, परंतु पुलिस इनका खुलासा करने में लगातार नाकाम साबित हो रही है। रात के समय पुलिस गश्त भी सवालों के घेरे में आ रही है।

लगभग दो माह के दौरान चोरी का आंकड़ा तेजी से बढ़ा है। एक ओर वाहन चोर गिरोह मौका मिलते ही लोगों को चपत लगा रहा है, तो दूसरी ओर किसानों के नलकूपों से बिजली की केबल की वारदात लगातार हो रही हैं। फव्वारा सैटों की नोजलें भी खेतों से लगातार चोरी हो रही हैं, जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।

चोर मौका मिलते ही दुकानों व मकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पशु चोरी की घटनाएं भी नियमित अंतराल के बाद हो रही हैं। साथ ही चोरों की नजरें रात के समय बाहर खड़े वाहनों की बैट्रियों पर भी निरंतर बनी हुई है। रात के समय चोर बेखौफ होकर जिस तरह से चोरी की वारदातों को अंजाम देर रहे हैं, उससे यह साबित हो रहा है कि पुलिस रात्रि गश्त के नाम पर महज औपचारिकता ही पूरी कर रही है।

चोरों ने एक तरह से पुलिस को चारों ओर से चुनौती पेश की हुई है, परंतु पुलिस किसी बड़े गिरोह तक नहीं पहुंच पा रही है। चोरी के जिन मामलों का खुलासा हो रहा है, उनमें भी अधिकांश में लोग खुद ही आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर रहे हैं।

### दुपहिया वाहन भी लगातार हो रहे चोरी

दुपहिया वाहन चोर गिरोह भी लगातार वारदातों को अंजाम दे रहा है। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में जैनपुरी निवासी अवनीश ने बताया कि वह अपने दोस्त कुलदीप की स्कूटी लेकर बाल भवन में किसी काम से आया था। स्कूटी बाहर खड़ी करने के बाद वह काम निपटाने के लिए अंदर चला गया। वापस आने पर उसे स्कूटी गायब मिली। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### सब्जी मंडी के पास से ई-रिक्शा चोरी

कुतुबपुर निवासी परसराम ने ई-रिक्शा ली हुई है। वह बस स्टैंड से अपने घर जा रहा था। पुलिस शिकायत में परसराम ने बताया कि नाईवाली चौक के पास वह सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए रुक गया। ई-रिक्शा साइड में खड़ी करने के बाद वह मंडी में चला गया। चंद मिनट बाद वापस आया तो उसे ई-रिक्शा गायब मिली। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### पंद्रह दिन में दूसरी बार चोरी की वारदात

बावल थानांतर्गत मोहम्मदपुर गांव में चोरों ने 15 दिन के अंदर दूसरी बार किसानों के ट्यूबवेलों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस शिकायत में महेश कुमार ने बताया कि रात के समय चोर राजेंद्र, दरियाव सिंह, पूर्णमल, करतार, सूबेसिंह, मलकूराम, सुखीराम, राजेश, जलेसिंह, रामजीलाल व इंद्राज के नलकूपों से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। इससे पूर्व भी चोर कई किसानों की बिजली केबल चोरी कर चुके हैं, लेकिन पुलिस चोरों का पता नहीं लगा सकी है।

### इन किसानों की केबल भी ले गए चोर

गांव बालावास निवासी राजसिंह ने पुलिस शिकायत में बताया कि शनिवार की रात को चोर उसके बोरवेल से बिजली मीटर तक लगी केबल चोरी कर ले गए। उसने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि गांव निवासी संदीप, अशोक व सतबीर के नलकूपों से भी चोर बिजली की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने राजसिंह की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### कोसली क्षेत्र में भी केबल चोर सक्रिय

लूखी निवासी रणधीर ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसका ट्यूबवेल झाड़ोदा रोड पर है। रात के समय चोर उसके ट्यूबवेल से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। उसने अपने स्तर पर पूछताछ की तो पड़ोसी रणधीर ने बताया कि चोर उसके ट्यूबवेल से भी बिजली की केबल चोरी कर ले गए। दोनों ने काफी पूछताछ की, लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### लूला अहीर में बंद मकान में लगाई सेंध

लूला अहीर में चोर एक मकान के ताले तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में केवल सिंह ने बताया कि वह परिवार के साथ महाराष्ट्र गया हुआ था। पड़ोसी ने फोन पर बताया कि उसके मकान में चोरी हो गई है। वह वापस घर आया तो मकान के ताले टूटे हुए मिले। चोर मकान से 14 हजार रुपये, सोने की नोज पिन, चांदी के आभूषण व इन्वर्टर-बैट्री चोरी कर ले गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।


रेवाड़ी। नंदरामपुर बास रोड का अधूरा पड़ा कार्य। फोटो : हरिभूमि

# सड़क निर्माण बंद होने से वाहन चालक हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज. धारूहेड़ा

धारूहेड़ा से नंदरामपुर बांस रोड का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद करीब 20 दिन से ज्यादा समय से बंद पड़ा हुआ है। लंबे समय के बाद नंदरामपुर बास रोड का कार्य शुरू किया था। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से जगह-जगह सड़क को खोद कर पटक दिया है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नन्दरामपुर बांस रोड से रोजाना हजारों की संख्या में वाहन राजस्थान के औद्योगिक खुशखेड़ा एवं आसपास के गांवों के लिए गुजरते है। सड़क का कार्य अधूरा पड़ा होने से वाहनों की अधिकता के कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है। लंबे समय से नंदरामपुर बास रोड जर्जर अवस्था में चल रहा था, जिसको लेकर आसपास गांवों के लोगों ने जिला प्रशासन से निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की थी, लेकिन निर्माण कार्य बंद पड़ा होने से लोगों को आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। समाजसेवी रामपाल यादव ततारपुर वइ चौधरी रावत सिंह पूर्व सरपंच सहित आसपास के गांवों के लोगों जिला प्रशासन से रोड का निर्माण कार्य शुरू कराने कि मांग की है।

### नैनसुखपुरा से एक व्यक्ति घर से लापता

रेवाड़ी। नैनसुखपुरा गांव से करीब 50 वर्षीय व्यक्ति घर से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में बिरेंद्र ने बताया कि उसका चाचा मनोहरलाल सोमवार को दोपहर 2 बले से घर से प्लॉट में जाने के लिए निकला था। काफी देर तक वापस नहीं आने पर उसकी काफी तलाश की। रिश्तेदारियों और अन्य स्थानों पर पूछताछ करने के बाद भी उसके चाचा का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद लापता की तलाश शुरू कर दी।

# राजकीय कृषि बीज फार्म टहना दीपालपुर की खुली बोली 28 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम समिति प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि निगम के प्रबंधक कार्यालय के अधीनस्थ आने वाले राजकीय कृषि बीज फार्म टहना दीपालपुर तहसील पाल्हावास की 23 एकड़ 11 मरला भूमि की वित वर्ष 2024-25 में 30 अप्रैल 2025 तक के लिए कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग के माध्यम से बीज उत्पादन कराने के लिए खुली बोली की जाएगी। राजकीय कृषि बीज फार्म की खुली बोली के लिए इच्छुक बोलीदाता को 30,000 रुपये की धरोहर राशि जमा करानी होगी।

उन्होंने बताया कि कृषि बीज फार्म की खुली बोली के लिए 5,80,000 रुपये आरक्षित मूल्य राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि बोली राजकीय कृषि बीज फार्म टहना दीपालपुर पर 28 जून को प्रातः 10 बजे शुरू होगी। सभी नियम व शर्ते बोली से पहले कृषि बीज फार्म पर सुना दी जाएंगी।

# जिला स्तर पर कोई भी शिकायत पेंडिंग न रखें विभागाध्यक्ष: डीसी

## जिला प्रशासन की ओर से समाधान शिविर में किया जा रहा आमजन की शिकायतों का निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर लगाया गया। डीसी राहुल हुड्डा, एसपी शशांक कुमार सावन व एडीसी अनुपमा अंजली ने आमजन की प्रॉपर्टी आईडी, स्वामित्व रजिस्ट्री, जमीन पैमाइश, पीपीपी, राशन कार्ड, बिजली व पानी सहित अनेक समस्याओं की सुनवाई की। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित कर आमजन की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। आमजन की समस्याओं को तीन श्रेणियों मे वर्गीकृत किया गया है। मौके पर समाधान की जाने वाली समस्याओं को प्रथम श्रेणी, एक सप्ताह में समाधान की जाने वाली समस्याओं को द्वितीय श्रेणी व अन्य समस्याओं को तृतीय श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए उससे संबंधित दस्तावेजों का होना जरूरी है ताकि समस्या का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा सकें।


रेवाड़ी। शिविर में समस्या सुनते हुए डीसी व एडीसी। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने की आने वाली शिकायतों की समीक्षा

डीसी राहुल हुड्डा ने एडीसी अनुपमा अंजलि के साथ समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के बारे में समीक्षा करते हुए विभागाध्यक्षों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का समाधान कराने के निर्देश दिए। विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि जिला स्तर पर कोई भी शिकायत पेंडिंग न रहे। उन्होंने शिकायत निवारण करने योग्य समस्या का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला समाज कल्याण विभाग व क्रीड को आपसी तालमेल से कार्य करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9671434260, 8595581311

# शहर की आठ कॉलोनियों को नियमित करने की अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- हजारों निवासियों को मिल सकेंगी मूलभूत सुविधाएं

विधानसभा चुनावों से ठीक पहले प्रदेश सरकार ने शहर की 8 कॉलोनियों के माथे से 'अवैध' का कलंक धो दिया है। राज्यपाल की ओर से जारी अधिसूचना के बाद इन कॉलोनियों को नियमित किया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने की प्रक्रिया दो साल पहले ही शुरू कर दी थी। इन कॉलोनियों को नियमित कराने के लिए कॉलोनाइजरों या पंजीकृत आरडब्ल्यू के माध्यम से आवेदन करने थे। इन आवेदनों को जिला स्तरीय स्क्रूटनी कमेटी ने पास करने के बाद सरकार के पास भेजा था। प्रदेश सरकार की ओर से रामपुरा की राव तुलाराम विहार फेज-2, गज्जीवास की यूनिक विहार फेज-1, महेश्वरी की गोयल व निरंजन कॉलोनी, मालुपरा की मालपुरा कॉलोनी, कोसली की तहसील के सामने वाली कॉलोनी, सुठानी की अटल कॉलोनी, पदैयावास व ढालियावास की युगल विहार, शक्ति नगर पार्ट-1 व 2 तथा अलावलपुर की रामजस नगर कॉलोनी को नियमित किया गया है। इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अब एक ओर जहां डीटीपी की तोड़फोड़ की कार्रवाई का डर नहीं रहेगा, वहीं दूसरी ओर कॉलोनी के लोगों को सड़क, पानी


रेवाड़ी। नियमित की गई कॉलोनियों के लिए मास्टर प्लान। फोटो : हरिभूमि

### लिफ्ट देकर पहचान बनाई बाइक-फोन लेकर फरार

रेवाड़ी। साइकिल पर लिफ्ट देकर जान-पहचान बनाने वाला एक व्यक्ति युवक की बाइक और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जाटूसाना निवासी दीपक ने पुलिस शिकायत में बताया कि 19 जून को दिल्ली से आने के बाद वह चिल्हड़ बस स्टॉप से खलीलपुर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसने एक साइकिल सवार से लिफ्ट मांग ली। उसने उसे साइकिल पर बैठा लिया।

### हरियाणा एनसीसी बटालियन के यदुवंशी शिक्षा निकेतन में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में व्याख्यान का आयोजन

# एनसीसी कैडेट्स को सशस्त्र बलों और अग्निपथ योजना में अवसरों से कराया अवगत

- इच्छुक युवा अगली भर्ती के लिए ज्वाईनआर्मी.एनआईसी. इन वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

चिकित्सा भर्ती अधिकारी मेजर अश्विनी कुमार और सूबेदार मेजर धर्मराज सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी ने मंगलवार को 8 हरियाणा एनसीसी बटालियन के यदुवंशी शिक्षा निकेतन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करते हुए कैडेट्स को जागरूकता सहप्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने सशस्त्र बलों और अग्निपथ योजना में अवसरों के बारे में बताया। प्रेरक वीडियो की स्क्रीनिंग भी छात्रों के लिए की गई और विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं के लिए सशस्त्र बलों में अधिकारी और सैन्य नर्सिंग सेवा के रूप में चयन के बारे में भी बताया गया।

इस अवसर पर मेजर अश्विनी कुमार ने भारतीय सेना में शामिल होने के लिए आईटीआई पाठ्यक्रम के लाभ के बारे में बल दिया। उन्होंने कहा कि साल 2022 से अग्निपथ योजना में आईटीआई के छात्रों को बोनस अंक भी दिए जा रहे हैं, जो 10 प्लस आईटीआई में दो साल का कोर्स के लिए 20, 10 प्लस 2/3 वर्ष का डिप्लोमा के लिए 30, 12 प्लस आईटीआई में एक साल का कोर्स के लिए 30, 12 प्लस आईटीआई में दो साल का कोर्स के लिए 40 और 12 प्लस डिप्लोमा धारक के लिए 50 अंक है। उन्होंने नए भर्ती नियमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 2024-25 भर्ती प्रक्रिया 4 नवंबर से 14 नवंबर तक भीम स्टेडियम भिवानी में की जाएगी। ऑनलाइन कंप्यूटर लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को दौड़ और चिकित्सा जांच की जाएगी। इच्छुक युवा अगली भर्ती के लिए ज्वाईनआर्मी.एनआईसी. इन वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि नए भर्ती नियमों के अनुसार अब एनसीसी-सी सर्टिफिकेट वालों को भी परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा और उन्हें 20 नंबर का बोनस दिया जाएगा। कर्नल वीएम सिंह कैंप कमांडेंट, कर्नल सोमबीर डबास डिप्टी कैंप कमांडेंट और सूबेदार मेजर सुरजीत सिंह 8 हरियाणा एनसीसी बटालियन ने कार्यक्रम का संचालन किया। मेजर ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए बोनस अंकों में एनसीसी-ए सर्टिफिकेट के लिए 5 नंबर, एनसीसी-बी सर्टिफिकेट 10 नंबर, एनसीसी-सी सर्टिफिकेट 20 नंबर तथा गणतंत्र दिवस परेड उपस्थिति के लिए 25 नंबर रहेंगे।


रेवाड़ी। एनसीसी कैडेट्स को जानकारी देते मेजर। फोटो : हरिभूमि